WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS

हजीरा में नाइट्रो—फॉस्फेट परियोजना

1819. श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला: क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सार्वजनिक निवेश बोर्ड समिति ने सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत हजीरा में स्थापित की जाने वाली नाइट्रो-फास्फेट परियोजना के प्रथम और द्वितीय चरणों के लिए जून, 1994 में ही अनुमति दे दी थी;

(ख) क्या सार्वजनिक निवेश बोर्ड ने उक्त परियोजना के दूसरे और तीसरे चरणों के लिए अनुमति देने के संबंध में कुछ आपत्तियां उठायी थी;

(ग) क्या इस संबंध में पर्यावरण संबंधी अनुमति दे दी गई थी;

(घ) क्या सार्वजनिक निवेश बोर्ड ने आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमण्डलीय समिति को इस परियोजना का अनुमोदन करने की सिफारिश की थी; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ० ए० के० पटेल): (क) और (ख) कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड (कृभको) की हजीरा स्थित नाइट्रो-फॉस्फेट/कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट परियोजना के लिए निर्धारित निवेश अनुमोदन प्रक्रिया के तहत प्रथम चरण मंजूरी मई, 1994 में और द्वितीय चरण मंजूरी जनवरी, 1996 में प्रदान की गई थी। परियोजना को चरणों में कार्यान्वित नहीं किया जाना था। इसलिए परियोजना के द्वितीय और तृतीय चरण अनुमोदन के प्रति आपत्ति का प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) जी, हां।

(घ) और (ङ) इससे पहले कि सरकार के निवेश अनुमोदन हेतु अन्तिम प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता, कृभको के निदेशक मण्डल ने परियोजना प्राचलों विशेषत: सम्भाव्य अधिशेष अमोनिया की प्राप्ति और मर्चेंट अमोनिया की बिक्री के सापेक्ष लाभ से संबंधित प्राचलों का पुनर्मूल्यांकन किया। इस समीक्षा के आधार पर इस प्रस्ताव को छोड़ने का निर्णय लिया गया था।

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के उत्पादन का लक्ष्य

1820. श्री अखिलेश दास: क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान, सरकारी क्षेत्र के उर्वरक उत्पादक उपक्रमों में यूरिया और अन्य प्रकार के उर्वरकों के उत्पादन के संबंध में वार्षिक वास्तविक लक्ष्य क्या निर्धारित किया गया है तथा इन तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान कितनी मात्रा में उत्पादन हुआ है;

(ख) क्या उपर्युक्त वर्षों के दौरान इन उर्वरकों के उत्पादन में कमी आई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान यूरिया के उत्पादन में काफी गिरावट के लिए कौन-कौन से कारक जिम्मेदार थे और सरकारी विशेषज्ञों द्वारा आंकड़ों संबंधी किए गए संकलन का ब्यौरा क्या है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ० ए० के० पटेल): (क) से (घ) लक्ष्यों के संदर्भ में सार्वजनिक क्षेत्र के उर्वरक उत्पादन करने वाले उपक्रमों द्वारा यूरिया के उत्पादन तथा अन्य उर्वरकों की समेकित सूचना संलग्न अनुपत्र में दी गई है। [देखिए परिशिष्ट 184, अनुपत्र संख्या 58]

नाइट्रोजन तथा फास्फेट पोषकों के रूप में, सार्वजनिक क्षेत्र के उर्वरक उत्पादन करने वाले उपक्रमों द्वारा उर्वरकों का कुल उत्पादन 1997-98 के दौरान 9.4% था जो 1995-96 के अपेक्षा अधिक था। समग्र रूप से, इन उपक्रमों द्वारा यूरिया के उत्पादन में उसी अवधि के दौरान 15.3% की वृद्धि दर्ज की गयी।

New Urea Fertilizer Plant

1821. SHRI VAYALAR RAVI: Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether Government have decided to set up a new urea fertilizer plant in the country; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (DR. A.K. PATEL): (a) and (b) As per the Industrial Policy Statement issued by the Government on 24.7.91, no industrial licence is normally required for setting up a fertilizer plant.